<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–15 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के हिसार से अयोध्या के लिए सीधी हवाई सेवा का किया शुभारंभ, कहा–देश में उड़ान योजना से जुड़ चुके हैं करीब नब्बे एरोड्रम।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण की लखनऊ पीठ के नवनिर्मित परिसर का किया उद्घाटन।
- लखनऊ के लोक बंधु अस्पताल में बीती रात लगी भीषण आग के बीच करीब दो सौ मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, घटना में कोई जनहानि नहीं, देर रात तक पाया गया आग पर काबू।
- प्रदेश भर में उत्साहपूर्वक मनाई गई बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के हिसार से प्रदेश के अयोध्या जिले के लिए कल सीधी हवाई सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने कल हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नए टर्मिनल की आधारशिला रखी तथा हवाई अड्डे से ही अयोध्या के लिए पहली सीधी उड़ान को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर अपने संबोधन में श्री मोदी ने देश में सुदृढ़ हो रहे हवाई सेवाओं के बारे में चर्चा की।

**2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे सोचिए 70 साल में 74 आज देश में एयरपोर्ट की संख्या 150 के पार हो गई है। देश के करीब 90 एरोड्रम उडान योजना से जुड चुके हैं। 600 से अधिक रूट पर उडान योजना के तहत हवाई सेवा चल रही है।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिसार से अयोध्या के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू होने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि आस्था को सम्मान प्रदान करती इस ऐतिहासिक 'संकल्प की उड़ान' से श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम तथा दोनों राज्यों में धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक चेतना और आर्थिक परिवेश समृद्ध होगा।

**********

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के मुख्य शिखर पर कल वैदिक ब्राह्मणों की मौजूदगी में विधि विधान से कलश की स्थापना की गई। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि कलश को मुख्य मंदिर के शिखर पर सबसे ऊपर वाली पेटी पर रखा गया है। अब प्रकार मंदिर में शिखर का कार्य पूर्ण हो गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के लखनऊ पीठ के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन और प्रधानमंत्री कार्यालय विभाग के राज्यमंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि वर्ष उन्नीस सौ पचासी से वर्ष दो हजार पंद्रह तक कैट में नौ लाख लम्बित मामले थे, जिनमें से तीन लाख मामलों का निस्तारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पिछले दस वर्षों में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अधिकरण कार्मिकों को प्लेटफार्म देने और समय पर न्याय देने में अहम भूमिका निभायेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री–फिक्की द्वारा कल लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश में बड़े स्तर पर निवेश किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की तस्वीर बदल गई है। उत्तर प्रदेश विकसित राज्य की दिशा में कदम बढ़ाने वाला राज्य है और देश के विकास तथा विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिये भारत का ग्रोथ इंजन बन कर उभरा है।

**पिछले आठ वर्ष में बदलते उत्तर प्रदेश को देश ने भी देखा है दुनिया ने भी देखा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनके मार्ग दर्शन में उनकी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश ने जो कदम बढ़ाये है सबके आप साक्षी रहे है। हरेक पथ पर आप के जो महत्वपूर्ण सुझाव रहे है पालिसी निर्माण में जो आपका योगदान रहा है उसको लेते हुए आज उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्यों की कतार में नहीं बल्कि विकास की तीव्र गति के साथ अग्रणी गति के साथ आगे बढ़ने वाला राज्य है और एक विकसित दिशा में कदम बढ़ाने वाला राज्य है।**

**********

प्रदेश में कल राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर अग्नि सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत हुई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से अग्नि सुरक्षा सप्ताह रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल को अग्निशमन तथा आपात सेवा के पदाधिकारियों ने फ्लैग लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी उनके आवास पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने पिन

फ्लैग लगाया। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर कल प्रदेश के लखनऊ, इटावा, महोबा, रायबरेली, अमरोहा और मथुरा सहित कई जिलों में शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**********

लखनऊ के लोक बंधु अस्पताल की दूसरी मंजिल पर बीती रात भीषण आग लगने के बाद गंभीर रूप से बीमार मरीजों के साथ ही करीब दो सौ से अधिक मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि सभी प्रभावित मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिले।

कल देर रात मौके पर पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पताल के कर्मचारियों और आपातकालीन सेवाओं की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की।

प्रदेश के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। सभी मरीजों को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**किसी के जानमाल के कोई खतरा नहीं है। किसी की कोई डेथ नहीं हुई है। किसी को कोई इंजुरी नहीं है। आग को देखते ही क्योंकि यहां पहले से ही इलेक्ट्रिकल सेफ्टी और मॉक ड्रिल करा लिया गया था तो पेशेंट्स लोगों को पता था कि क्या करना है। तुरंत यहां एम्बुलेंसेज बड़ी मात्रा में बुला लिया गया था।**

**********

हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि देर रात तक आग पर काबू पा लिया गया था। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घटना का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है, लेकिन विस्तृत जांच की जाएगी।

**********

प्रदेश भर में कल संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में विविध कार्यक्रमों के आयोजन हुए जिनमें बाबा साहब के जीवन और उनके विरासत के बारे में चर्चा की गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में डॉ आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित बाबा साहब की प्रतिमा और आंबेडकर महासभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आंबेडकर महासभा परिसर में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब की जयंती पर हम किसी भी तरह की सुविधा से वंचित लाखों लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिये एकजुट हो रहे हैं।

**सभी प्रकार की सुविधाएं एक मुश्त उन्हें उपलब्ध करवाने के कार्यक्रम को इसी महीने हम उनको आगे बढ़ाने जा रहे है। हर ग्राम पंचायत में बीस से पच्चीस ऐसे परिवार होंगे जिन्हें आज तक वो सब सुविधाएं नहीं मिली होगी। वो सुविधा सरकार उपलब्ध करायेगी और इस सुविधा को मैं साहेब की एक सौ चौंतीसवीं पावन जयंती पर समर्पित करना चाहता हूं।**

**********

मुख्यमंत्री ने लखनऊ में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में बाबा साहब की जयंती और विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह में भी कल हिस्सा लिया। बाबा साहेब की जयंती के मौके पर बसपा प्रमुख और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने लोगों से संविधानवादी भारतीय बनने का आह्वान किया। वहीं सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ में डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में चर्चा की।

**********

आईपीएल क्रिकेट में कल लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच हुए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने पांच विकेट से मैच जीत लिया है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हुए मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में एक सौ सड़सठ रनों का लक्ष्य रखा। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने पांच विकेट खोकर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया।

**********